शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल - registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट - https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 2–1/अका./प्रवेश/2021/ 1144 रायगढ़, दिनाँक 01.10.2021

–:: अधिसूचना ::–

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर के पत्र क्रमाँक एफ 17–95/2017/38–2, दिनाँक 01.10.2021 के अनुसार छात्रहित में सीट रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश हेतु कुलपति की अनुमति से दिनाँक 09.10.2021 तक प्रवेश दिये जाने की तिथि में वृद्धि करते हुए राज्य शासन द्वारा अनुमति प्रदान की गयी हैं। अतः इस विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 793/अका./प्रवेश/2021–22, दिनांक 01.09.2021 के अनुक्रम में माननीय कुलपति महोदय द्वारा इस विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो को दिनांक 09.10.2021 तक प्रवेश देने हेतु अधिकृत किया जाता है।

सत्र 2021–22 के लिये इस विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्व में जारी की गई अधिसूचना क्रमांक 2–1/अका./प्रवेश/2021/1004, दिनांक 22.09.2021 के आधार पर निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेशित छात्र छात्राओं के बाद भी यदि किसी महाविद्यालय में संबद्धता प्राप्त पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्नातक/स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नही होने के कारण सीटें रिक्त हैं, ऐसे महाविद्यालयों के लिये क्रमशः पंचम चरण में प्रवेश प्रक्रिया संपन्न करने के लिये निम्नलिखित समय सारिणी जारी की जाती है।

क्रं.	विवरण	तिथि
1.	पंचम चरण में स्नातक/स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के द्वारा उनके कॉलेज के डेशबोर्ड से **Portal Reopen Request** करके ऑनलाईन माध्यम से छात्रों के द्वारा आवेदन प्राप्त किये जाने के लिए निर्धारित तिथि	शनिवार, 02.10.2021 से गुरूवार, 07.10.2021 रात्रि 12:00 बजे तक।
2.	पंचम चरण में स्नातक/स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के द्वारा उनके कॉलेज के डेशबोर्ड से आवेदकों की प्राप्त सूची डाउनलोड करने के पश्चात मेरिट सूची जारी कर प्रवेश देने एवं पोर्टल पर प्रवेशित छात्रों की आई.डी पोर्टल पर लॉक करने की अंतिम तिथि	शनिवार, 09.10.2021 रात्रि 12:00 बजे तक।

नोटः–

- ऑनलाईन माध्यम से छात्रों के द्वारा आवेदन प्राप्त किये जाने के लिए उपरोक्त निर्धारित तिथि दिनाँक 07.10.2021 रात्रि 12:00 बजे तक पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नही होने की स्थिति में महाविद्यालय डेशबोर्ड से क्रमशः **Portal Reopen Request** करके दिनाँक 09.10.2021 दोपहर 01:00 बजे तक ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्राप्त करने के पश्चात् शनिवार 09.10.2021 रात्रि 12:00 बजे तक प्रवेश देकर पोर्टल पर प्रवेशित छात्रों की आई.डी लॉक करेंगे।
- समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, सत्र 2021–22 के लिए प्रवेश के संबंध में पूर्व में जारी अधिसूचना में दिये गये नियमों का अनिवार्यतः पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया संपादित करें।
- सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्रों की आई.डी. को पोर्टल में लॉक करने हेतु अंतिम तिथि दिनाँक 09.10.2021 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की जाती हैं।

(कृष्ण कुमार चंद्राकर)
कुलसचिव

पृ.क्रं. 2–1/अका./प्रवेश/2021/ 1145 रायगढ़, दिनाँक 01.10.2021

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
03. कार्यालय प्रति।

01/10/21
उप–कुलसचिव